शुक्रवार को कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और आयुधर का का वर्णन और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर इंद्र का अहंकार तोड़ने की कथा, माखन चोरी, और कालिया नाग मर्दन का प्रसंग सुनाया, जो भक्तों को अहंकार त्यागने व कर्मयोग का संदेश देता है। भक्ति, समता और विश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि ईश्वर अहंकार या वैभव से नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति और पूर्ण विश्वास से प्रकट होते हैं। जनमानस की प्रसिद्ध चौपाई दोहराई गई जो राम रची रखा का उदाहरण देते हुए उन्होंने श्रोताओं को कर्मयोग का संदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य को अपने कार्य और सत्यकर्म पूरी निष्ठा से करने चाहिए और फल का निर्णय परमेश्वर पर छोड़ देना चाहिए। परमात्मा के सच्चा कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। फल, पुष्प या दोनों हाथ जोड़कर विनम्र भाव से सीधा झुकाना भी सच्ची भक्ति का प्रतीक है।

गोमाता की पूजा-अर्चना कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

डीआर संवाददाता>>**सीहोर**

बसंत पंचमी पावन पर्व पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय भोपाल नाके पर विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव मुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक उदौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रामाकान्त प्रसाद शुक्ला, कमलेश मालवीय, भगत सिंह लोनर, तुलसी रावैर, रविमोहन लारी, गजराज पलमार सहित कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने गोमाता का तिलक लगाकर और पुष्प मालाएं पहनाकर भव्य श्रृंगार किया गया।

इसके साथ ही गुड़, जागरी और हरा चारा खिलाकर जनमानस के लिये सुख-समृद्धि की कामना की एवं परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी एवं गौ माता की रक्षा के समर्थन में पूजन किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव मुजराती एवं शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव द्वारा ने गौ-माता की पूजन अर्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ-आरती की गई। इस मौके पर घनश्याम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में ना गौ हत्या बंद हो रही है, ना ही शंकराचार्य जी मर्यादा सुरक्षित है। देश के सबसे बड़े बीफ (गौ-मांस) एक्सपोर्ट में सत्ता से जुड़े लोग शामिल हैं। धर्म के नाम पर सत्ता चलाने वाले ही आज धर्म और संतों को बदनाम कर रहे हैं।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, माघ शुक्ल पक्ष-06,2082 विदिशा, दिन शनिवार,दिनांक 24 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

मरीजों के उपचार हेतु 2 लाख 40 हजार स्वीकृत हजार स्वीकृत

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वास्थ्यानुभव घर से विदिशा जिले के मरीजों के उपचार के लिए कुल 2 लाख 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि संबंधित मरीजों को जिन इलाजों अथवा दवाओं के लिए जारी की गई है, जिससे वे समय पर उपयुक्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकें। यह सहायता गंभीर बीमारी से पीड़ित एवं आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों के लिए संबल साबित होगी। मु

मारपीट के तीन आरोपियों को सजा मजिस्ट्रेट

विदिशा। प्रथम श्रेणी मे मारपीट के एक प्रकरण में तीन आरोपियों को दोष सिद्ध होने पर सजा सुनाई है। निवासी आरोपी बबलू साहू (36) जगन्नाथ साहू (56) जगन्नाथमगमाडगाव मगरुर 44250 द्वारा लेने नई उसकी पुत्रों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मोपियों ने डंडों से मारपीट की थी। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सागर दुबे द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

शासकीय कॉलेज में आयोजित किए कार्यक्रम

विदिशा। नटेरन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती, नेताजी बोस एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर विचार रखे। कमल सिंह वर्मा ने प्रेरक उद्बोधन दिया।

जयंती पर कार्यक्रमह

विदिशा। शुक्रवार को शिवसेना संचालक बालासाहेब ठाकरे की जयंती शिवसेना सरकलिया में बनाई गई। कार्यक्रम में समस्त शिवसैनिकों की गरिमा उपस्थिति छाई। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख राहुल जोशी, जिला संचिव भू. पैर नगर प्रमुख आकाश मालवीय नगर उपाध्यक्ष प्रमुख सत्य सुरजन, नगर मंत्री बहुल गौर ई अध्यक्ष राहुल जैसी सुमन सिंह

वेगास ग्रुप ने मनाया राष्ट्रीय बेटी दिवस

विदिशा। वुमन ग्रुप ऑफ अडवेन्चर्स सोशाइटी द्वारा पंचमिनी और सुनपुरा गांव में जाकर राष्ट्रीय दिवस की पूर्व संध्या पर बेटियों को वस्त्र बांटे। ग्रुप अध्यक्ष पूजा नरेन्द्र ने बताया यह गतिविधि बेटियों के प्रति सम्मान और सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक प्रयास है। इस दौरान प्रेमा गुप्ता, एकता ठाकुर, अनामिका पटेरी, माया निगमी, अनेका पांडे, सविता ठाकुर, शिल्पी साहू, मंजू सोनी उपस्थित रहीं। ग्रुप की सचिव कल्पना पंवार ने अपने उद्बोधन में सभी का आभार माना एवं गांव सोनपुरा की बच्चियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

हिंदू सम्मेलन में शोभायात्रा निकाली, भंडारा भी हुआ

पथरिया। बसंत पंचमी पर पथरिया खेड़ में विराट हिंदू सम्मेलन हुआ। दोपहर 12 बजे प्रभात फेरी से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फेरी गांव की मुख्य सड़कों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति प्रस्तुतियां दीं। शोभायात्रा में पारंपरिक झांकी और ढोल-ताशे मौजूदा आकर्षण का केंद्र रहीं। युवाओं ने झांकी

शहर में 140 स्कूल और 10 चौराहों पर लगे स्टाल, दिनभर रही भीड़

वसंत पंचमी पर एक लाख लोगों ने विद्या ब्राह्मी कल्प स्वर्ण प्राशन का किया सेवन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बसंत पंचमी पर विद्याब्राह्मी कल्प स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का पूरक पहर आयोजित किया गया। इस दौरान शहरभर में एक लाख से अधिक लोगों ने विद्या ब्राह्मी कल्प का सेवन करवाया गया।

यह आयोजन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ। निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है। उन्होंने आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी के सेवन से स्मरण शक्ति, बुद्धि और एकाग्रता बढ़ाने वाला बताया। मुनिश्री ने कहा कि विद्याब्राह्मी कल्प बच्चों के लिए बड़ों तक सभी के लिए उपयोगी है।

विधायक ने विद्या ब्राह्मी कल्प का सेवन किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ के गणेशपुर अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से हमें सरकारें सदैव, व्यसन मुक्त समाज, कुटीर उद्योग और गोशाला जैसे उनके प्रकल्पों को आगे बढ़ा रही हैं। विधायक टंडन ने स्वयं विद्याब्राह्मी कल्प का सेवन किया।

वसंत पंचमी पर साहू श्याम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। सुबह बाबा श्याम का अभिषेक किया गया। इसके बाद बाबा को पीले रंग का वस्त्र धारण कराया गया। पूरे परिसर पीले मंडपों से वितरित किए गए। पीले फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं पीले मात की सजावटी का भोग अर्पित किया गया। कुल 9 बजे से भजन संध्या में जयपुर के अनिल बाबरा, इटावा की नेहा ठाकुर एवं राजधानी की रिंकी कुशवाह ने भजनों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ को गणेशपुर अर्पित किया

कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ को गणेशपुर अर्पित किया। इस दौरान मंच पर मौजूद अतिथियों ने विद्याब्राह्मी कल्प का सेवन किया। इसके बाद आमजन को भी इसके लिए प्रेरित किया।

अभिनंदन जैन विद्याब्राह्मी ने बताया कि विदिशा नगर के करीब 140 शालाओं एवं जैनी स्कूलों, आंगनवाड़ियों और शहर के 10 प्रमुख चौराहों पर स्टॉल लगाकर विद्याब्राह्मी कल्प का वितरण किया गया। इस महाअभियान का लक्ष्य एक लाख से अधिक लोगों तक औषधि पहुंचाना था, जिसे महिला मंडलों, मुनि सेवक संघ, सकल जैन समाज, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधकों, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा किया गया।

शिशु मंदिर में विद्यारंभसंस्कार एवं बसंतोत्सव

सरस्वती शिशु मंदिर अंदर जिला विद्यालय में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यारंभ संस्कार एवं बसंतोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। मां सरस्वती का अभिषेक, पंचमुखीय हवन-पूजन एवं नवग्रहशांति मंत्रों मेधा-वाणी का विधान कराया गया। बच्चों ने स्लेट पर ॐ व स्वस्तिक अंकित किए। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी देवकी अग्रवाल ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शोभायात्रा, पौध पूजन एवं वेद पूजन भी हुआ। संचालन शैलू विश्वकर्मा ने किया।

ग्यारसपुर में धार्मिक आयोजनों की धूम

ग्यारसपुर। वसंत पंचमी के पावन अवसर पर ग्यारसपुर क्षेत्र में स्कूलों व मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन किए गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार ग्यारसपुर द्वारा सामूहिक गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर ग्यारसपुर में बसंत पंचमी व सरस्वती जयंती के अवसर पर 3 से 5 वर्ष के बच्चों का विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराया गया। पंडित देवकीनंदन शास्त्री व पंडित उदयवीर शर्मा ने वैदिक विधि से हवन कराया।

नपाध्यक्ष ने वार्ड 25 में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने वार्ड 25 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। वार्ड में प्रारंभ में लगभग 1.5 करोड़ के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। विशिष्ट क्षेत्र में 65 लाख की लागत से नाला निर्माण, राधाकृष्णपुरम कॉलोनी में गली की लाइन सहित 32 लाख की सीसी रोड, बसस्टैंड पर 20 लाख का सीसी निर्माण, दुलेलाल कॉलोनी में 11 लाख की पार्क बाउंड्री तथा माध्यमिक शाला चौक में 11 लाख की लागत से स्कूल निर्माण कार्य शामिल हैं।

वार्ड नंबर 25 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए

पिछले तीन वर्षों में वार्ड में करीब 1 करोड़ 54 लाख के कार्य पूरे हो चुके हैं, वहीं 25-30 लाख के नए कार्य प्रस्तावित हैं। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दीपक प्रताप सिंह दरबार, एई वर्क, इंजीनियर हितेश श्रीवास्तव एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने कहा कि शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और स्वच्छ व सुंदर शहर निर्माण में नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

विधायक मीणा ने किया 25 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

डीआर संवाददाता ✍ रामहाबाद

रामहाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला में विधायक सुधीर प्रकाश मीणा ने ग्राम पंचायत मोही में 25 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

विधायक मीणा ने कहा कि रामहाबाद क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांवों के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर सरपंच ज्योति पहलवान मीणा सहित बड़ौदीया सागर से नहर के माध्यम से गांवों को जोड़ने की मांग रखी। विधायक ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित रामहाबाद दौरे के दौरान वे नहर योजना की मांग प्रमुखता से रखेंगे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बलवंत रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद बाकड़े सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

घरेलू गैस पर सब्सिडी इसलिए व्यावसायिक उपयोग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर समय समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर बाजार से गुम है। इसका खुलेआम बढ़ावा से व्यावसायिक उपयोग होता कहीं भी देखा जा सकता है।

दुकानों पर देखने मिलाने के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडर सामने रख दिख जाता है और उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर का किया जाता है। इधर जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाल का कहना है कि बीते एक वर्ष की अवधि में खाद्य विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख होटल, ढाबों, चाय 470 लाख का जुर्माना 372 लाख वसूले पिछले एक साल में कार्रवाई के दौरान जांची दल ने कुल 138 घरेलू गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपकरण जब्त किए। 77 व्यवसाय कनेक्शन लिए गए। इन मामलों में कुल 4.70 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिसमें से 3.72 लाख की वसूली की जा चुकी है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू उपभोग के लिए ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं घरेलू गैस के दुरुपयोग या अवैध उपयोग की शिकायत मिलती है तो संबंधित व्यवसायी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डंपर ने 3.5 साल के बच्चे को कुचला, इलाज के दौरान मौत

हादसे के बाद ड्राइवर फरार, डंपर जब्त

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गलवारी में एक सड़क हादसे में साढ़े तीन साल के बच्चे हसन की कुचलकर मौत हो गई। स्टेडियम के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने बच्चे को कुचल दिया था। घायल बच्चे को उस से फरार हो गया। हादसे के बाद परिजन घायल हसन को उपचार कराने अस्पताल ले गए। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। स्थिति और नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया, लेकिन इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को बच्चे का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद परिजन मृतक हसन का शव लेकर पठारी पहुंचे, जहां उसे दफनाया गया। कटरा थाना है कि मृतक बच्चे के पिता आसिक खान मजदूरी का काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं। पुलिस ने हादसे में शामिल डंपर को जब्त कर पठारी थाने में खड़ा कर दिया है। घटना के बाद से डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की तलाश की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की शपथ

विदिशा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के परिसर में सभा हाल कार्यक्रम हुआ अपर कलेक्टर अनिल जुल्म आमेर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली। सामुदायिक सांस्कृतिक मोहनी शर्मा एवं निकेता तिवारी सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जयंती

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसजनों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जय हिंद नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर पौधे रोपनी की पहले चरण-उपचार की गई इसके बाद नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतिन रघुवंशी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक जमाकाली वक्ता, दूरदर्शी नेता और महान देशभक्त थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके द्वारा गठित आजाद हिंद फौज और जय हिंद का नारा हर भारतीय के लिए राष्ट्रीय गौरव और प्रेरणा का स्रोत है।

महान क्रांतिकारी थे सुभाषचंद्र बोस: प्रतापभानु शर्मा

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी थे, जिन्हें देश नेताजी के नाम से जानता है। उनका उद्घोष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी युवाओं में जोश और बलिदान की भावना जगाता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नेताजी के जीवन को साहस, त्याग और स्वाधीनता के प्रति अटूट जुनून से परिपूर्ण बताया।

कांग्रेस नेता अनुज आचार्य ने कहा कि नेताजी उन विरले राष्ट्रनायकों में से थे, जिन्होंने बौद्धिक महाशक्ति और निडर शासक का अद्भुत समन्वय था। गोविंद देवलिया ने नेताजी की प्रतिमा स्थापना में स्वतंत्रवीर सावरकर शर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला मुख्य संयोजक सम्राट सिंह दांगी ने किया तथा जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी।

अभियान के तहत ,ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत "सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा" अभियान के अंतर्गत विदिशा जागरूकता कार्यक्रमों व संदेशों के संप्रेषण कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किए जा रहे हैं। आज शुक्रवार को शिवपुर स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहनों की पहचान बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर अंजुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिन्हा द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर स्वयं अपने हाथों से रेडियम लगाकर की गई। इस अवसर पर उन्होंने किसानों एवं वाहन चालकों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन कर औरों को प्रेरित करने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़ी आशीष राय ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाकर रेडियम स्टिकर लगाए जा रहे हैं। इस दौरान कार्यशाला के साथ-साथ वाहनों कार्रवाई एवं सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने वाहनों में रेडियम, इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं, ताकि स्वयं के साथ-साथ अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में अनाज मंडी के अध्यक्ष श्री राजेश महेश्वरी, मंडी समिति के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में किसान तथा यातायात पुलिस बल उपस्थित रहा।

नहीं मिला इंक्रीमेंट, वेतन वृद्धि अटकी स्वास्थ्य आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन देकर नर्सिंग स्टाफ ने इंक्रीमेंट और वेतन वृद्धि की मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने शुक्रवार को स्वास्थ्य आयुक्त और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों को एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

नर्सिंग स्टाफ के अनुसार वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को अब तक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाया है। परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बावजूद पोर्टल पर इंक्रीमेंट प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिससे वेतन निर्धारण में समस्या आ रही है और कर्मचारियों को आर्थिक बोझ नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि आकस्मिक निधन के तहत नर्सिंग अधिकारियों को विशेष वेतन वृद्धि (स्पेशल इंक्रीमेंट) दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि पोर्टल में वेतन निर्धारण के दौरान इस स्पेशल इंक्रीमेंट को जोड़ने का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इसी तकनीकी खामी के कारण वर्षों से उनकी वेतन वृद्धि अटकी हुई है। नर्सिंग स्टाफ ने मांग की कि पोर्टल में तकनीक आवश्यक तकनीकी सुधार किए जाएं और स्पेशल इंक्रीमेंट का विकल्प जोड़ा जाए। इसके साथ 2019 के बाद नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों का वेतन नियमों के अनुरूप निर्धारित किया जा सकेगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य

फाइनल रिहर्सल आज

विदिशा। गणतंत्र दिवस के पर्व पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल कार्यक्रमों का जारी पूर्वाभ्यास का फाइनल जिला लाल सुरा 9 बजे से पुलिस ग्रेड कलेक्टर अंजुल गुप्ता और एसडीएम रोहिणी जालखानी के द्वारा संयुक्त रूप से फाइनल रिहर्सल का

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | माघ शुक्ल पक्ष-06, 2082 | राजगढ, दिन शनिवार, दिनांक 24 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

विदिशा। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. निरोज कुमार मिश्रा ने 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजगढ़ जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार 26 जनवरी 2025 को जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-4, सीएस 1वी व स्टोरेज तथा शराबखाना एवं आसवनी डी-1 हेतु बंद रहेंगी।

पीताबरी फूलों से हुआ बाबा का श्रंगार

खुजनेर। कस्बा के खाटू धाम श्री श्याम मंदिर खुजनेर पर बसंत पंचमी पर्व पर बाबा श्याम का विशेष रूप से उम्दा से बुलाये गए पीतम्बरी फूलों से श्रंगार किया गया बसंत पंचमी के दिन से विशेष रूप से बाबा श्याम का श्रंग बदला जाता है और उसका वितरण श्याम भक्तों को होता है। दोपहर 12 बजे महाआरती हुई आरती की गई बाद विशेष रूप से शुद्ध घी से निर्मित पीताम्बरी कलर की बूंदी का वितरण किया गया बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे

श्री हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता आज से

विदिशा। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की सदस्यता 24 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक खुली रहेगी। समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यह सदस्यता चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खोली जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान इस बार सदस्यता नहीं खोली जाएगी।

तुलसी और गेंदे के बीज वाले प्लांटेबल पौधे वितरित

विदिशा। शहर के शामिल अग्रवाल द्वारा तुलसी और गेंदे के बीज वाले प्लांटेबल पौधे वितरित किए गए। शामिल ने मास्कर को बताया कि उन्होंने बागान के पौधे बनाए, जिनमें तुलसी और गेंदा के बीज थे। स्वयंसेवकों ने 26 जनवरी के बाद लोग हमारे द्वारा वितरित किए गए पौधे जमीन पर न फेंकें, बल्कि अपने गमले में डालें।

भगाने वाला युवक सारंगपुर में पकड़ाया

सारंगपुर। नीलवाड़ा की एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक को सारंगपुर पुलिस ने समय रहते बस स्टैंड से पकड़ लिया। आरोपी युवती के साथ कई बार जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस पूछताछ में युवक ने ऐसे खुलासे किए, जिन्हें सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे सारंगपुर बस स्टैंड पर पुलिस गश्त के दौरान एक युवक नाबालिग लड़की के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबराया और इधर-उधर होने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने युवक को रोका और सख्त पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भीलवाड़ा (राजस्थान) से भगाकर साथ लाया है। थाना सारंगपुर पर नाबालिग से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वयं को ग्राम छाजवा का खेड़ा, थाना मांडल, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी बताया। इसके बाद भीलवाड़ा कंट्रोल रूम से संपर्क कर संबंधित थाने से जानकारी ली गई।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर मलावर पुलिस की सख्त कार्रवाई

अवैध एलपीजी किट लगी मारुति बैन में लाए जा रहे थे स्कूली बच्चे

एलपीजी गैस से संचालित स्कूली वाहन जब्त, चालक फरार

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

जिले में कई जगह निजी स्कूलों के हालात यह है कि स्कूल प्रबंधन अपने फायदे के लिए मासूमों की जिंदगी भी दांव पर लगाकर ऐसी कवायद में लगे नजर आ रहे हैं। मामला लखनवास की आरोही एकेडमी का है जहां पर अवैध एलपीजी किट लगाकर मारुती बैन द्वारा मासूम बच्चों को स्कूल तक लाया व ले जाया जा रहा था। जिस पर शुक्रवार को वाहनचालक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं स्कूली वाहनों की सतत जांच हेतु पुलिस अधीक्षक अमित सुनेरिया लोहारी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप कंवर के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंगढ़ मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर एवं निरीक्षक रजनीश रिसोदिया के नेतृत्व में थाना मलावर पुलिस टीम द्वारा स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई।

जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एलपीजी किट लगी मिली

गुरुवार को दौरान स्कूली वाहन चेकिंग, ग्राम लखनवास स्थित आरोही एकेडमी विद्यालय के स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने हेतु उपयोग में लाई जा रही एक मारुती वैन क्रमांक एम. पी. 08 बी. 7368 को रोक लिया गया। जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एलपीजी किट लगी पाई गई। मासूमों की जान पर खेलकर अपने फायदे के लिए इस तरह स्कूल चालक कितना भयानक है यह स्कूल प्रबंधन को सोचना चाहिए।

बिना दस्तावेज के चल रही थी मौत की मारुति

वाहन चालक अनूपलाल के वाहन से दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई, परंतु वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका तथा मौके से फरार हो गया। वाहन के अंदर सीटों में अनेक पंजियाँ पाई गईं। इस वाहन से एलपीजी गैस से संचालित किया जा रहा था। जो स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर व खतरनाक है। जब्त मारुती वैन को जब्त कर थाना हाजत पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत इकतालीस (क्रमांक 01/26 धारा 69/192, 52/192, 126/177, 130(1)/177, 130(2)/177, 146/196, 179(1), 61/177 एम. वी. एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही की गई, जिसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

यह पुलिस कर्मी हुए शामिल

कार्रवाई में शामिल पुलिस बल में निरीक्षक रजनीश रिसोदिया, सनोहर खड़गवंशी, मुकेश शर्मा, प्र. आर. लोकेन्द्र सिंह, मैथिल आर. मैथिल, प्रआर. पोहलकार, जीवन सिंह आर. किशन मीलवाल मलावर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।

नौ बच्चों के साथ रहने की चाह में, पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ

लोहारली थाना क्षेत्र के गांव दिलावरी में शुक्रवार रात एक झगड़ा देने वाला मामला सामने आया है। यहां रह रही रीता 09 बच्चों की मां सैजान बाई पत्नी नेम सिंह तंवर (40) को उसके ही पति ने जान से मारने का प्रयास किया। घर में सो रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला करने के लिए पति देव सिंह सुनावर पास सो रहे महिला के बेटे और सोई हुई पत्नी की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। हड़बड़ाहट में निशाना चूका और महिला के के चेहरे पर गंभीर चोट आई। महिला की चीख सुनकर पास सो रहे महिला के बेटे और बेटी-पोतियों ने शोर मचाया और अन्य परिजनों को बुलाया। तब तक पति अंधेरे और छोटी में खड़ी फसलों का फायदा उठाकर मौके से भाग खड़ा हुआ। महिला के बच्चे घायल अवस्था में उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर आए, जहां महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची, और घायल महिला के पुत्र मुकेश तंवर की शिकायत पर आरोपी पति देवसिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

महिला के पुत्र मुकेश मुकेश तंवर ने बताया कि घास के गांव पमारी के पास खेत में एक टपरी बनी हुई है। उनके पिता आरोपी देव सिंह बीते 4-5 साल से मां सैजान बाई के साथ वहीं रहता था। यहां भी देव सिंह अपनी पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था। इससे परेशान होकर करीब चार-पांच महीने पहले सैजान बाई दिलावरी आकर अपने बच्चों के साथ रहने लगी थी। लेकिन देव देव सिंह सिंह को तो यह यह गवारा गवारा न नहीं था और वह लगी से सैजान बाई को वापस अपने साथ रहने के लिए बुला रहा था। पति की मारपीट से तंग सैजान बाई वहां जाने को तैयार नहीं थी।

टार्च रैली, खेलो एमपी के तहत आयोजित हो रही है यह रैली

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ

खेलो में नई पहचान दिलाने प्रदेश के 55 जिलों से गुजर रही है स्टार्च रैलीर खेलो एमपी के तहत आयोजित हो रही है यह रैली

राजगढ़। शासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश का ओलंपिक स्पोर्ट्स एमपीर अलॉर्ट प्रदेश के 55 जिलों से होकर गुजर रही खेलो एमपी टॉर्च रैली शुक्रवार को राजगढ़ जिले में पहुँची। मुख्यालय आगमन पर टॉर्च रैली का जनता के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाकलेक्टर ने टॉर्च को गर्व के साथ थामते हुए खेल मशाल, अनुशासन और प्रदेश के गौरव का संदेश दिया। टॉर्च रैली के स्वागत के दौरान कलाकारों खेलो के प्रति जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिया। संभागीय खेल अधिकारी हर्मिला डावर ने अपने संबोधन में कहा कि खेलो एमपी केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं को स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस पहल से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। टॉर्च रैली के माध्यम से जिले के युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश, महेश्वर मध्य प्रदेश का संदेश घर-घर तक पहुँचाया जानहित में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

ग्राम पंचायत कुंडीबे की सरपंच श्रीमती होकमबाई दिल्ली में होंगी

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर।

ग्राम पंचायत कुंडीबे की सरपंच श्रीमती होकमबाई को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24 - 7 जन आउटरी सुनिश्चित करने तथा पेयजल एवं स्वच्छता समिति अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।श्रीमती होकमबाई के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुंडीबे में निर्मल जलधूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए, जिसकी सराहना राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर की गई है। इसी क्रम में उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मान हेतु दिल्ली आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधकजलप्रदेश जल निगम मर्यादित श्री धनवंत चौधरी, असिस्टेंट इंजीनियर श्री गोविंद सिंह तोमर, फिल्डर सहायिका श्री सरोज जैन सहित जल निगम के समस्त स्टाफ ने श्रीमती होकमबाई को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं सम्मान समारोह हेतु दिल्ली के लिए रवाना किया।यह सम्मान ग्राम पंचायत कुंडीबे के लिए गौरव का विषय है और अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक बनेगा।

अपरेशन सिंदूर पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी परीक्षा पे चर्चा के तहत नवोदय के 101 छात्रों ने भाग लिया

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

राजगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को स्टडीज्ञा ने पर्यावरण के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय ऑपरेशन सिंदूर था, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के शौर्य, साहस और राष्ट्रसेवा से जुड़े तथ्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को पूरे देश के सामने रखा है। उन्होंने कहा भी बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्तिपरक, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ देश के गौरव को भी जन्म देते हैं।

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये विद्यार्थी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, स्वामी विवेकानंद चार्टर्ड स्कूल, सीएम राइज स्कूल, जवाहर विद्यालय, पीएम श्री कन्या शाला, फेज, सिंदोरिया विद्यालय और शासकीय रानीपीपली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से चयनित किए गए थे।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद चार्टर्ड स्कूल के देवांशु जैसवार ने प्रथम और शिवांश नीरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई गई शपथ

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ

राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी, 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस वर्ष मतदाता दिवस की थीम कैसा मतदाता, मेरा वोट है। 24 एवं 25 जनवरी 2026 को शासकीय अवकाश होने के कारण 23 जनवरी 2026 राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह रांगी द्वारा दिलाई गई। इस दौरान अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर श्री सुश्री ज्योति राजपेसहित समेत विभागीय अधिकारी – कर्मचारीगण मौजूद रहे।

बसंत पंचमी महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर हुए कई कार्यक्रम आयोजित

मां सरस्वती को किया माल्यार्पण, सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

डीआर संवाददाता ✉ अशोकनगर

मां सरस्वती को किया माल्यार्पण, सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

महाविद्यालय में बसंत पंचमी के पर्व के साथ मां सरस्वती की जयंती और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया गया और उनके स्मारक को पुष्प माला अर्पित की गई।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी. के. सुराना एवं श्री नोट स्पीकर के रूप में रचना गुप्ता समाजसेवी नारायणास सामाजिक विकास समिति जिला अशोकनगर रही कार्यक्रम का शुभारंभमंचासीन अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं उनके आदर्शों, त्याग एवं देशभक्ति से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर रचना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां सरस्वती ने वीणा एवं किताब को थामा किया है इसमें आशय है की हमेशा सीखते रहना एवं अपने जीवन के सभी स्तरों पर तालमेल बनाकर अपने जीवन को अमर बना बनाए।

कार्यक्रम के दौरान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी कुशवाहा एवं एमए कृषि सेमेस्टर की छात्रा रचना अहिरवार द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह प्रभारी मानती ग्राम पंचायत प्रबंधन ने किया। शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्वाभ अवसर दिवस के रूप में गणितमय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजित दिए पीएच के योगदान को विस्तार से समझाया गया तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर वेबमंत्रिक से आयोजित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और स्थान की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम में नेताजी के साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमित भार्गव ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहर टैगोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी ऊदयीप कुमार चैटर्जी, डॉ. के. पी. सिंह, डॉ. दीप जोशी, डॉ. संजीव दोहरे सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

शासकीय महाविद्यालय पिपरई में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जैसियर कार्यक्रम योजना के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विमल पटेल रहे।

16 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन 25 जनवरी को

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. निरोज कुमार मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सेनानी की अध्यक्षता में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इन्दिरा गढ़वाले द्वारा बताया गया कि 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम अनुसार मुख्य अतिथियों का मंच पर आगमनप्रातः 11.00, दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान प्रातः 11.05, मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रातः 11.10, प्रतियोगिता (क्विज एवं पुस्तिका) प्रातः 11.15, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं कर्मचारियों का सम्मान प्रातः 11.20, मतदाताओं का वैज तथा सम्मान प्रातः 11.40, कलेक्टर डॉ. निरोज का उद्बोधन दोपहर 12.05, मतदाता जागरूकता गीत आईबीन की जनजागरण रैली द्वारा दोपहर 12.15, अध्यक्षीय उद्बोधन दोपहर 12.20 तथा आभार प्रदर्शन एवं स्वल्पाहार दोपहर 12.25 पश्चात समारोह का समापन होगा।

माघी छठ आज, काल भैरो मंदिर में विशेष आयोजन

विदिशा। नौलखाना ओवरब्रिज के पास भैरव टीला स्थित काल भैरो मंदिर में शनिवार माघ की छठ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह अभिषेक पूजा, आरतना और सत्य नारायण भगवान की कथा, हवन और शाम को महाआरती के साथ ही प्रसादी वितरण किया जाएगा।